21. निम्न में से कौन सा कथन गलत है?

(a) राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा की जाती है।

(b) महाधिवक्ता का यह कर्त्तव्य होगा कि वह राज्य सरकार को विधिक मामलों में सलाह दें।

(c) महाधिवक्ता राज्यपाल के प्रसादपर्यंत पदधारण करेगा।

(d) महाधिवक्ता का पारिश्रमिक राज्यपाल द्वारा निर्धारित किया जाता है।

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-II

Ans. (a) – राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति राज्य के राज्यपाल द्वारा की जाती है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 165 राज्य के 'एडवोकेट जनरल'' को परिभाषित करता है। यह भारत की राज्य सरकार के अधीन एक संवैधानिक पद है। जबकि उपरोक्त अन्य तीनों विकल्प सही है।

22. 'राजप्रमुख' के पद को 'राज्यपाल' (गवर्नर) का पदनाम दिया गया–

(a) 1947 में (b) 1949 में

(c) 1950 में (d) 1956 में

उत्तर–(d)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या—राजस्थान में सभी रियासतों को सम्मिलित करके एक इकाई का रूप देने का श्रेय तत्कालीन गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल को है। वर्तमान राजस्थान का गठन 1953 में फजल अली की अध्यक्षता में गठित राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश पर 1 नवम्बर, 1956 को हुआ। 1956 में वर्तमान राजस्थान का निर्माण होने पर 'राजप्रमुख' को अन्य राज्यों की भाँति 'राज्यपाल' (गवर्नर) का पदनाम दिया गया।

23. किसी विधेयक पर संवैधानिक उपबन्ध के तहत राज्यपाल की सिफारिश अपेक्षित थी, किन्तु बिना राज्यपाल की सिफारिश उसे राजस्थान विधानसभा में पुर:स्थापित किया गया और उसने पारित करके राज्यपाल को भेज दिया; अब

(a) जहाँ राज्यपाल अनुमति देता है तो वह अधिनियम अविधिमान्य नहीं होगा।

(b) राज्यपाल संवैधानिक प्रावधानों के अतिक्रमण के आधार पर अनुमति देने से इंकार कर सकता है।

(c) राज्यपाल ऐसे विधेयक को राष्ट्रपति की अनुमति के लिये भेज देगा।

(d) यदि राज्यपाल या राष्ट्रपति अनुमति दे तो न्यायालय संवैधानिक उपबन्धों के आधार पर उसे असंवैधानिक घोषित कर देगा।

उत्तर (a)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- किसी भी ऐसे विधेयक पर जिस पर संवैधानिक उपबंध के तहत राज्यपाल की सिफारिश अपेक्षित थी, किन्तु बिना राज्यपाल की सिफारिश उसे राजस्थान विधानसभा में पुर: स्थापित किया गया और उसे पारित करके राज्यपाल को भेज दिया गया हो, तब यदि राज्यपाल अनुमति देता है, तो वह अधिनियम अविधिमान्य नहीं होगा।

(ii) राज्य विधान मण्डल/संसद में प्रतिनिधित्व

24. निम्नलिखित में से कौन, राजस्थान से राज्यसभा चुनाव 2022 में निर्वाचित नहीं हुआ था?

(a) श्री घनश्याम तिवारी

(b) श्री प्रमोद कुमार

(c) श्री मुकुल बालकृष्ण वासनिक

(d) श्री सुभाष चन्द्रा

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (d) : भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार श्री सुभाष चन्द्रा राजस्थान राज्यसभा चुनाव हार गये। श्री घनश्याम तिवारी राजस्थान में भाजपा उम्मीदवार के रूप में तथा श्री मुकुल बालकृष्ण, श्री प्रमोद कुमार तथा रणदीप सुरजेवाला कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में राज्यसभा सदस्य चुने गये।

25. विधान सभा चुनाव में अस्पष्ट बहुमत के कारण राजस्थान में राष्ट्रपति शासन कब लगाया गया था?

(a) 1977 (b) 1980

(c) 1967 (d) 1992

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (c) : राजस्थान में विधानसभा चुनाव-1967 में अस्पष्ट बहुमत के कारण प्रथम बार राजस्थान में राष्ट्रपति शासन लगाया गया। अभी तक राजस्थान में चार बार (1967, 1977, 1980, 1992) राष्ट्रपति शासन लगाया गया है।

26. निम्न में से कौन राजस्थान की प्रथम महिला राज्यसभा सदस्य थी?

(a) गायत्री देवी (b) शारदा भार्गव

(c) प्रियंका चतुर्वेदी (d) सोनल मानसिंह

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (b) : राजस्थान की पहली राज्यसभा सदस्य शारदा भार्गव थी। शारदा भार्गव स्वतन्त्रता सेनानी एवं लोकसभा सदस्य रहे मुकुटबिहारी भार्गव की पुत्री थी। वह 1952 से 1966 तक 3 बार राज्यसभा पहुँची। शारदा भार्गव, कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में 1952 में पहली बार राज्यसभा सासंद चुनी गई।

27. राजस्थान सरकार ने विधायक क्षेत्रीय विकास योजना में 2021-22 के लिये, विधायक निधि बढ़ाकर कर दी हैं-

(a) 3 करोड़ ₹ (b) 4 करोड़ ₹

(c) 5 करोड़ ₹ (d) 10 करोड़ ₹

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : राजस्थान सरकार द्वारा विधाक क्षेत्रीय विकास येजना में 2021-22 के लिए विधायक निधि को बढ़ाकर 5 करोड़ कर दिया गया हैं

28. राजस्थान विधान सभा के प्रथम प्रोटेम स्पीकर कौन थे?

(a) महाराव संग्राम सिंह (b) नारायण सिंह मसुदा

(c) पूनम चंद विश्नोई (d) यशवंत सिंह नाहर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A